Roll No: _____

Sophia Girls' College, Ajmer

(Autonomous)

Semester V – 2017- 18

End Semester Examination

Class : B.A

Sub : हिन्दी

Paper I : [HIN-501]: आधुनिक काव्य

Time : 2 ½ Hrs. **M.M: 70 Marks**

खण्ड अ

I. निम्नलिखित सभी प्रश्नों के उत्तर दीजिए | प्रत्येक प्रश्न एक अंक का है |

1. हिन्दी खड़ी बोली का प्रथम महाकाव्य कौन सा है?
2. साकेत में कुल कितने सर्ग है?
3. "सखि वे मुझसे कहकर जाते" में "वे" शब्द किसके लिए कहा गया है?
4. "इन्द्र का गर्वहरण" किसकी रचना है?
5. जयशंकर प्रसाद की दो रचनाओं के नाम लिखें |
6. निराला किस छंद की आवश्यकता पर अधिक बल देते है?
7. प्रकृति के सुकुमार कवि किसे कहा गया है?
8. किस काल को भारतीय नव जागरण काल कहा गया है?
9. सत्यार्थ प्रकाश किसने लिखा?
10. छायावाद का समय कब से कब तक का माना गया है?

खण्ड ब

II. प्रत्येक इकाई में से एक प्रश्न का चयन करते हुए तीन प्रश्नों के उत्तर दीजिए प्रत्येक प्रश्न 5 अंक का है

इकाई – 1

11. सप्रसंग व्याख्या कीजिए

सुफल जो मिलता इस काल है
समझना न उसे लघु चाहिए
बडत है, पद संकट स्त्रोत में
सहस में जन जो शत भी बचें

अथवा

दोनों ओर प्रेम चलता है
सखि, पतंग भी जलता है
दीपक भी जलता है

SOPHIA COLLEGE, AJMER

इकाई – 2

12.सप्रसंग व्याख्या कीजिए

ज्यों ज्यों लगती है नाव पर
डर में आलोकित शत विचार
दस धारा सी ही जग का क्रम
शाश्वत सघु लहरों का विलास
है नव जीवन के कर्णधार

अथवा

दुख के डर से तुम अज्ञात
जटिलताओं का कर अनुमान
काम से झिझक रहे हो आज
भविष्य से बनकर अनजान

इकाई – 3

13.सूर्यकान्त त्रिपाठी निराला की प्रगति चेतना को समझाइए |

अथवा

गुप्त की राष्ट्रीयता की भावना का वर्णन कीजिए |

खण्ड स

III. प्रत्येक इकाई में से एक प्रशन का चयन करते हुए तीन प्रश्नों के उत्तर दीजिए प्रत्येक प्रश्न 15 अंक का है

इकाई – 1

14."इन्द्र का गर्व हरण" के काव्य सौंदर्य पर प्रकाश डालिए |

अथवा

"सखि वे मुझसे कहकर जात" के आधार पर वियोग श्रृंगार रस की विवेचना कीजिए |

इकाई – 2

15."जोगी फिर एक बार" कविता की मूल संवेदना को अपने शब्दों को अपने शब्दों में व्यक्त कीजिए |

अथवा

"नौका विहार" कविता में चित्रित प्रकृति के सौंदर्य का वर्णन कीजिए |

SOPHIA COLLEGE, AJMER

इकाई – 3

16.जयशंकर प्रसाद की सौन्दर्य चेतना एवं जीवन दर्शन को सोदाहरण समझाइए |

अथवा

सुमित्रा नंदन पंत के प्रकृति चित्रण को विस्तार से समझाइए|

समाप्त

SOPHIA COLLEGE, AJMER

Sophia Girls' College, Ajmer

(Autonomous)

Semester V – 2017- 18

End Semester Examination

Class : B.A

Sub : हिन्दी साहित्य

Paper II : [HIN-502]: कथा साहित्य

Time : 2 ½ Hrs. **M.M: 70 Marks**

खण्ड अ

I. निम्नलिखित सभी प्रश्नों के उत्तर दीजिए | प्रत्येक प्रश्न एक अंक का है |

1. "जाड़ा क्या है, मौत है और निमोनिया से मरने वाले को मुरब्बे नहिं मिला करते |" कहानी " उसने कहा था" में उक्त कथन किसने कहा था ?
2. मधुलिका किस कहानी की पात्र है?
3. उजड़े खेत को देखकर मुन्नी ने क्या कहा? "पूस की रात" कहानी के आधार पर लिखो |
4. "ताऊजी हमें लेलगाड़ी (रेलगाड़ी) ला देंगे?" उक्त कथन के वक्ता और श्रोता कौन है?
5. आनन्दी किस कहानी की नायिका है?
6. "एक गौ" कहानी के कहानीकार कौन है?
7. "एक रोटी और ले ले ताकि फजूल बातों की जगह न तेरे पेट में बचे, न दिमाग में |" उक्त कथन किसने तथा किससे कहा
8. कमलेश्वर द्वारा रचित किन्हीं दो कहानियों के नाम लिखो |
9. "सवा सेर गेहूँ" सदगति ठाकुर का कुआँ , जुलूस उक्त कहानियो के लेखक कौन है?
10. "नई कहानी" से क्या तात्पर्य है?

खण्ड ब

II. प्रत्येक इकाई में से एक प्रश्न का चयन करते हुए तीन प्रश्नों के उत्तर दीजिए प्रत्येक प्रश्न 5 अंक का है

इकाई – 1

11. सप्रसंग व्याख्या कीजिए

"देव, नियम तो बहुत साधारण है | किसी भी अच्छी भूमि को इस उत्सव के लिए चुनकर नियमानुसार पुरस्कार स्वरुप उसका मूल्य दे दिया जाता है | वह भी अत्यन्त अनुग्रहपूर्वक अर्थात भू स्म्पति का चौगुना मूल्य उसे मिलता है | उस खेती को वही व्यक्ति वर्ष भर देखता है | वह राजा का खेत कहा जाता है |"

अथवा

नाम संतान से नहीं चलता | नाम अपनी सुकृति से चलता है | तुलसीदास को देश का बच्चा – बच्चा जानता है | सूरदास को मरे कितने दिन हो चुके इसी प्रकार जितने महात्मा हो चुके है उन सबका नाम क्या उनकी संतान की बदौलत चल रहा है ? सच पूछो तो संतान से जितनी नाम

SOPHIA COLLEGE, AJMER

चलने की मंशा रहती है उतनी ही नाम डूब जाने की संभावना रहती है

इकाई – 2

12. बाप और पति के घर का जादू झूठा साबित हुआ | माँ का पता नहीं था | उसका दूर का चाचा नीतिबाग में इस्त्री का काम करता था | पिता के मरने के बाद एक दो बार आया था | वहीं एक सहारा बचा था | रोती धोती वह मंगोलपुरी से नीतिबाग बिना बस का किराया भाड़े पहुँच गई

अथवा

उसने आँसू नहीं आने दिये | हाथ के नोटो को उसने जोर से पकड़ रखा | नोटो पर वह मुट्ठी इतनी जोर से कस गयी कि अगर उन नोटो में जान होती तो बेचारे रो उठते | वो कुचले कुचलाए मुट्ठी में बंधे रह गये

इकाई – 3

13. "सचेतन कहानी" की प्रमुख विशेषताएँ लिखिए |

अथवा

" अ–कहानी" पर एक टिप्पणी लिखिए |

खण्ड स

III. प्रत्येक इकाई में से एक प्रशन का चयन करते हुए तीन प्रश्नों के उत्तर दीजिए प्रत्येक प्रश्न 15 अंक का है

इकाई – 1

14. कहानी कला के आधार पर "उसने कहा था" कहानी की समीक्षा कीजिए |

अथवा

"भारतीय कृषकों के जीवन का स्पष्ट चित्र "पूस की रात" कहानी में अंकित किया गया है" उस कथन को सिद्ध कीजिए |

इकाई – 2

15. एक गौ कहानी की विशेषताओं को विस्तार से लिखिए |

अथवा

"खोई हुई दिशाएँ" कहानी समीक्षात्मक आलोचना प्रस्तुत कीजिए |

इकाई – 3

SOPHIA COLLEGE, AJMER

16.हिन्दी कहानी की परिभाषा लिखते हुए उसके विकास क्रम को स्पष्ट कीजिए |

अथवा

"प्रेमचन्द कथा सम्राट थे" इस कथन के आलोक में प्रेमचन्ध की कहानी कला पर प्रकाश डालिए |

SOPHIA COLLEGE, AJMER

Sophia Girls' College, Ajmer

(Autonomous)

Semester V – 2018- 19

End Semester Examination

Class : B.A. Pass Course

Sub : हिन्दी साहित्य

Paper I : [HIN-501]: आधुनिक काव्य

Time : 2 ½ Hrs. **M.M: 70 Marks**

Section A [10 Marks]

Section A contains 10 questions (20 words each) and a candidate is required to attempt all 10 questions. Each question is of one mark.

I. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

1. कवि अयोध्या सिंह उपाध्याय 'हरिऔध' की चार रचनाओं के नाम लिखिए।
2. कवि मैथिली शरण गुप्त की चार रचनाओं के नाम लिखिए।
3. कवि हरिऔध का जन्म कब और कहाँ हुआ?
4. 'भारत–भारती' के रचयिता का नाम एवं रचनाकाल (वर्ष) बतलाइये।
5. 'कामायनी' में कितने सर्ग हैं? उसके रचयिता का नाम लिखिए।
6. कवि निराला की दो रचनाओं के नाम लिखिए।
7. कविवर सुमित्रानन्दन पन्त को ज्ञानपीठ पुरस्कार कब और किस रचना पर प्रदान किया गया? लिखिए।
8. छायावाद के ब्रह्मा, विष्णु एवं महेश किन कवियों को कहा गया हैं? नाम लिखिए।
9. भारतेन्दु युग के चार कवियों के नाम लिखिए।
10. द्विवेदी युग का समय कब से कब तक माना गया हैं?

Section B [15 Marks]

Section B contains 6 questions (50 words each) and a candidate is required to attempt 3 questions, at least 1 from each unit. Each question is of 5 marks.

II. प्रत्येक इकाई में से एक प्रश्न का चयन करते हुए तीन प्रश्नों के उत्तर दीजिए। प्रत्येक प्रश्न 5 अंक का हैं।

UNIT I

11- सप्रसंग व्याख्या कीजिए–

अवध को अपनाकर त्याग से,
वन तपोवन–सा प्रभु ने किया।
भरत ने उनके अनुराग से,
भवन में वन का व्रत ले लिया।
स्वामी सहित सीता ने,
नन्दन माना सधन–गहन कानन भी,
वन ऊर्मिला वधू ने,

SOPHIA COLLEGE, AJMER

किया उन्हीं के हितार्थ निज उपवन भी।

अथवा

स्वयं सुसज्जित करके क्षण में,
प्रियतम को प्राणों कें पण में,
हमीं भेज देती हैं रण में,
क्षात्र–धर्म के नाते।
सखि, वे मुझसे कहकर जाते।

UNIT II

12- सप्रसंग व्याख्या कीजिए–

सुना यह मनु ने मधुर गुंजार, मधुकरी का–सा जब सानंद,
किसे मुख नीचा कमल समान, प्रथम कवि का ज्यों सुंदर दांद।

अथवा

उगे अरूणाचल में रवि
आयी भारती–रति कवि–कण्ठ में,
क्षण–क्षण में परिवर्तित
होते रहे प्रकृति पट
गया दिन, आयी रात
गयी रात, खुला दिन,
ऐसे ही संसार के बीते दिन, पक्ष, मास,
वर्ष कितने ही हजार
जागों फिर एक बार।

UNIT III

13- कवि अयोध्या सिंह उपाध्याय 'हरिऔध' के व्यक्तितव एवं कृतित्व पर प्रकाश डालिए।

अथवा

छायावाद की काव्य प्रवृत्तियों (विशेषताओं) पर प्रकाश डालिए।

Section C [45 Marks]

Section C – contains 6 questions. Answer any three questions (400 words each), selecting one from each unit. Each question is of 15 marks.

III. Answer the following questions.

UNIT I

14- 'प्रिय प्रवास' के द्वादश सर्ग की कथा का सार अपने शब्दों में लिखिये।

अथवा

SOPHIA COLLEGE, AJMER

सिद्ध कीजिए कि मैथिलीशरण गुप्त ने उपेक्षित नारी–पात्रों को अपने काव्य का उपजीव्य बनाया हैं।

UNIT II

15- 'श्रद्धा सर्ग' के काव्य सौन्दर्य पर प्रकाश डालिए।

अथवा

जागो फिर एक बार-1 गीत के आधार पर निराला के प्रकृति चित्रण पर निबन्ध लिखिए।

UNIT III

16- 'मैथिलीशरण गुप्तजी' भारतीय संस्कृति के मुख्य गायक हैं। सिद्ध कीजिए।

अथवा

सुमित्रानन्दन पन्त के काव्य की विशेषताओं पर प्रकाश डालिए।

SOPHIA COLLEGE, AJMER

Sophia Girls' College, Ajmer

(Autonomous)

Semester V – 2018- 19

End Semester Examination

Class : B.A. Pass Course

Sub : हिन्दी साहित्य

Paper II : [HIN 502]: कथा साहित्य

Time : 2 ½ Hrs. **M.M: 70 Marks**

खण्ड अ् [10 Marks]

I. निम्नलिखित सभी प्रश्नों के उत्तर दीजिए | प्रत्येक प्रश्न एक अंक का है |

1. 'उसने कहा था' कहानी किस पत्रिका में प्रकाशित हुई थी?
2. जयशंकर प्रसाद की कोई दो कहानियों के नाम बताइए।
3. विश्वम्भरनाथ शर्मा कौशिक की प्रथम कहानी कौनसी थी?
4. सूबेदारनी लहनासिंह से क्या भिक्षा माँगती हैं?
5. मन्नू भण्डारी की कहानियों की कोई दो विशेषताएँ बताइए।
6. 'नशा' शीर्षक की सार्थकता को स्पष्ट कीजिए।
7. 'खोई हुई दिशाएँ' कहानी का नायक कौन हैं?
8. 'एक गौ' कहानी की कोई दो विशेषताएँ बताइए।
9. किन्हीं दो मनोविश्लेषणवादी कथाकारों के नाम बताइए।
10. 'दूसरा ताजमहल' किसकी रचना हैं?

खण्ड ब [15 Marks]

II. प्रेत्येक इकाई में से एक प्रश्न का चयन करते हुए छः प्रश्नों में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर दीजिये | प्रत्येक प्रश्न 5 अंको का है |

इकाई – I

11. निम्न गद्यांश की सप्रसगं व्याख्या कीजिए।

लड़ाई के समय चाँद निकल आया था। ऐसा चाँद, जिसके प्रकाश से संस्कृत – कवियों का दिया हुआ 'क्षयी' नाम सार्थक होता हैं और हवा ऐसी चल रही थी जैसी कि बाणभट्ट की भाषा में 'दन्तवीणोपदेशाचार्य' कहलाती हैं।,

अथवा

अपने किसी अभिन्न मित्र या भाई को भी वह इतनी ही तत्परता से गले लगाता । वह अपनी दीनता से आहत न था; जिसने आज उसे इस दशा को पहुँचा दिया। नहीं, इस अनोखी मैत्री ने जैसे उसकी आत्मा के सब द्वार खोल दिये थे और उसका एक एक अणु प्रकाश से चमक रहा था।

SOPHIA COLLEGE, AJMER

इकाई – II

12. निम्न गद्यांश की सप्रसंग व्याख्या कीजिए–

बड़ा बुरा मर्ज़ है आनन्द को। वह उस छूत से बचा रहना चाहता है। आनन्द दुनियाँ में दोस्त खोजता हैं, ऐसा दोस्त जो ज़िन्दगी में गहरे न उतरे, पर उसके साथ कुछ देर रह सके और बात कर सके। उसकी बातों में गाइडों की तरह खोखलापन हैं।

अथवा

उसका माथा अभी घूमा हुआ था। जिन्दगी के इस बदलाव से अभी वह समझौता नहीं कर पा रही थी। दुःख – सुख तो लगा ही रहता है मगर इतनी उठा–पटक भी कैसी कि सर से छत ही छिन जाये और कहने को कोई घर न बचे?

इकाई – III

13. सचेतन कहनी पर संक्षिप्त टिप्पणी लिखिए।

अथवा

अकहानी आंदोलन का संक्षिप्त परिचय दीजिए।

खण्ड स [45 Marks]

III. प्रेत्येक इकाई में से एक प्रश्न का चयन करते हुए छः प्रश्नों में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर दीजिये | प्रत्येक प्रश्न 5 अंको का है |

इकाई – I

14. कहानी के तत्त्वों के आधार पर 'पूस की रात' की समीक्षा कीजिए।

अथवा

'ताई' कहानी के उद्देश्य को विस्तार से समझाइए।

इकाई – I

15. 'मेरा घर कहाँ' कहानी की मूल संवेदना को प्रतिपादित कीजिए।

अथवा

मन्नू भण्डारी की कहानी – कला के वैशिष्ट्य को समझाइए।

इकाई – I

SOPHIA COLLEGE, AJMER

16. प्रेमचन्दपूर्व हिन्दी कहानी की विवेचना कीजिए।

अथवा

नई कहानी के प्रमुख कहानीकारों पर प्रकाश डालिए।

The End

SOPHIA COLLEGE, AJMER

Sophia Girls' College, Ajmer

(Autonomous)

Semester V – 2019- 20

End Semester Examination

Class : B.A. Pass Course

Sub : हिन्दी साहित्य

Paper I : [HIN 501]: आधुनिक काव्य

Time : 2 ½ Hrs. **M.M: 70 Marks**

खण्ड अ् [10 Marks]

I. निम्नलिखित सभी प्रश्नों के उत्तर दीजिए | प्रत्येक प्रश्न एक अंक का है |

1. खड़ी बोली हिन्दी का प्रथम महाकाव्य कौनसा हैं? उसके रचयिता का नाम लिखिए।
2. कवि मैथिलीशरण गुप्त का जन्म कब और कहाँ हुआ था?
3. जयशंकर प्रसाद की किन्हीं दो काव्यरचनाओं के नाम लिखिए।
4. 'वैदेही वनवास' रचना किस कवि की हैं? रचना वर्ष बताइए।
5. आधुनिक काल के प्रथम युग का नामकरण किस साहित्यकार के नाम पर किया गया हैं?
6. छायावाद के प्रमुख कवियों के नाम लिखिए।
7. सूमित्रानंदन पंत की किन्ही चार रचनाओं के नाम लिखिए।
8. द्विवदी युग के दो प्रमुख कवियों के नाम बताइए।
9. मुक्तक छंद की परिकल्पना किस कवि ने प्रस्तुत की? नाम बताइए।
10. ''नौका विहार' कविता किस काव्य संग्रह से संकलित हैं? बताइए।

खण्ड ब [15 Marks]

II. प्रत्येक इकाई में से एक प्रश्न का चयन करते हुए छः प्रश्नों में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर दीजिये द्य प्रत्येक प्रश्न 5 अंको का है द्य

इकाई I

11. सप्रसंग व्याख्या कीजिए।

मेरे लिए पिता ने सबसे धीर–वीर वर चाहा,
आर्यपुत्र को देख उन्होने सभी प्रकार सराहा।
फिर भी हठ कर हाय! वृथा ही उन्हे उन्होने थाहा,
किस योद्धा ने बढ़कर उनका शौर्य–सिन्धु अवगाहा?

अथवा

दीपक–संग शलभ भी,
जला न सखि, जीत सत्व से तम को,
क्या देखना–दिखाना,
क्या करना है प्रकाश का हमको?

SOPHIA COLLEGE, AJMER

दोनो ओर प्रेम पलता हैं।
सखि पतंग भी जलता है हां!दीपक भी जलता हैं।

इकाई II

12. सप्रसंग व्याख्या कीजिए।

नील परिधान बीच सुकुमार
खुल रहा मृदुल अधखुला अंग,
खिला हो ज्यों बिजली का फूल,
मेधवन बीच गुलाबी रंग।

अथवा

आँखें अलियों–सी,
किस मधु की गलियों में फंसी,
बन्द कर पाँखे,
पी रही हैं मधु मौन,
अथवा सोयी कमल कोरकों में?
बन्द हो रहा गुंजार,
जागो फिर एक बार।

इकाई III

13. अयोध्यासिंह उपाध्याय 'हरिऔध' के काव्य की प्रमुख विशेषताओं का उल्लेख कीजिए?

अथवा

जयशंकर प्रसाद के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर प्रकाश डालिए?

खण्ड स [45 Marks]

III. प्रेत्येक इकाई में से एक प्रश्न का चयन करते हुए छः प्रश्नों में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर दीजिये | प्रत्येक प्रश्न 15 अंको का है |

इकाई I

14. 'प्रिय प्रवास' महाकाव्य के कथानक को स्पष्ट करते हुए राधा की चारित्रिक विशेषताओं को बताइए? सोदाहरण।

अथवा

'यशोधरा' खंडकाव्य में वर्णित यशोधरा की मनोव्यथा का वर्णन अपने शब्दों में कीजिए?

इकाई II

15. 'श्रद्धा–सर्ग' में श्रद्धा मनु को ''जीवन के किस पक्ष का संदेश देती हैं'' स्पष्ट कीजिए?

SOPHIA COLLEGE, AJMER

अथवा

'जागो फिर एक बार' कविता की मूल भावना को अपने शब्दों में लिखिए?

इकाई III

16. जयशंकर प्रसार के काव्य की विशेषताओं को बताइए?

अथवा

''नौका–विहार'' कविता में व्यक्त मूल संवेदना को स्पष्ट कीजिए?

SOPHIA COLLEGE, AJMER

Sophia Girls' College, Ajmer

(Autonomous)

Semester V – 2019- 20

End Semester Examination

Class : B.A. Pass Course

Sub : हिन्दी साहित्य

Paper II : [HIN 502]: कथा साहित्य

Time : 2 ½ Hrs. **M.M: 70 Marks**

खण्ड अ् [10 Marks]

I. निम्नलिखित सभी प्रश्नों के उत्तर दीजिए | प्रत्येक प्रश्न एक अंक का है |

1. 'उसने कहा था' कहानी का प्रकाशित वर्ष बताइये।
2. 'पुस्कार' कहानी के मुख्य पात्रों के नाम बताइये।
3. 'पूस की रात' कहानी में वर्णित मुख्य समस्या बताइये।
4. 'नशा' कहानी के शीर्षक का औचित्य बताइये।
5. 'एक गौ' कहानी का मुख्य विषय बताइये।
6. कहानिकार नासिरा शर्मा के दो कहानी–सग्रंह के नाम लिखिए।
7. 'खोई हुई दिलाएँ' कहानी के प्रमुख पात्र का नामोल्लेख कीजिए।
8. हिन्दी की प्रथम कहानी–लेखिका किसे स्वीकार किया गया हैं?
9. नई कहानी के प्रवर्तकों का नामोल्लेख कीजिए।
10. अकहानी के प्रवर्तक का नामोल्लेख कीजिए।

खण्ड ब [15 Marks]

II. प्रत्येक इकाई में से एक प्रश्न का चयन करते हुए छः प्रश्नों में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर दीजिये द्य प्रत्येक प्रश्न 5 अंको का है |

इकाई–I

11. निम्न लिखित गद्यांश की सप्रसंग व्याख्या कीजिए।

''यह रहस्य मानव–हृदय का है, मेरा नहीं। राजकुमार, नियमों से यदि मानव–हृदय बाहय होता, तो आज मगध के राजकुमार का हृदय किसी राजकुमारी की ओर न खिंचकर, एक कृषक–बालिका का अपमान करने न आता।''

अथवा

जबरा जोर से भूंककर खेत की ओर भागा। हल्कू को ऐसा मालूम हुआ कि जानवरों का एक झुण्ड उसके खेत में आया है। शायद नीलगायों का झुण्ड था। उनके कूदने–दौड़ने की आवाजे साफ कान में आ रही थी। फिर ऐसा मालूम हुआ कि खेत में चर रही है। उनके चबाने की आवाज चर–चर सुनाई देने लगी।

इकाई–II

SOPHIA COLLEGE, AJMER

12. निम्नलिखित गद्यांश की सप्रसंग व्याख्या कीजिए।

हीरासिंह एकटक देखता रहा। उसने आँसू नहीं आने दिए। हाथ के नोटों को उसने जोर से पकड़ें रखा। नाटों पर वह मुठ्ठी इतनी जोर से कस गई कि अगर इन नोटों में जान होती तो बेचारे रो उठते। वे कुचले–कुचलाए मुठठी में बंधे रह गए।

अथवा

चन्दर ने उसे बहुत गौर से देखा था। इन्द्रा की आँखों में नमी आ गयी थी। उसकी कँटीली बरौनियों से विश्वास भरी मासूमियत छलक रही थी। माथे पर आयी हुई लट छूने को उसका मन हो आया था पर वह झिझककर रह गया था। इन्द्रा के कानों में पड़े हुए कुण्डल पानी में तैरती मछलियों की तरह झलक जाते थे।

इकाई–III

13. नई कहानी पर संक्षिप्त टिप्पणी लिखिए।

अथवा

समान्तर कहानी पर सारगर्भित टिप्पणी लिखिए।

खण्ड स [45 Marks]

III. प्रेत्येक इकाई में से एक प्रश्न का चयन करते हुए छः प्रश्नों में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर दीजिये द्य प्रत्येक प्रश्न 15 अंको का है ।

इकाई–I

14. 'उसने कहा था' कहानी की मूल संवेदना को विश्लेषित कीजिए।

अथवा

'ताई' कहानी की कहानी के तत्त्वों के आधार पर समीक्षा कीजिए।

इकाई–II

15. 'नशा' कहानी के मूल उद्देश्य को तर्कसंगत विश्लेषित कीजिए।

अथवा

'मेरा घर कहाँ' कहानी के सार को अपने शब्दों में अभिव्यक्त कीजिए।

इकाई–III

16. हिन्दी कहानी के तत्त्वों का उल्लेख कीजिए।

SOPHIA COLLEGE, AJMER

अथवा

स्वतन्त्रता के पश्चात् कहानी की विभिन्न धाराओं का परिचय दीजिए।

The End

SOPHIA COLLEGE, AJMER

Sophia Girls' College *(Autonomous)*
Ajmer
Semester V– 2020-21
End Semester Examination
Class : B.A. Pass Course
Sub : हिन्दी साहित्य
Paper I : [HIN-501] : आधुनिक काव्य–I

समय : 1 ½ Hrs. **M.M: 40 अंक**

खण्ड अ [16 अंक]

खण्ड–अ में दिये गये 12 प्रश्नों में से 8 प्रश्नों के उत्तर (20शब्दों में) दीजिये। सभी प्रश्न 2 अंक के हैं।

I. निम्नलिखित सभी प्रश्नों के उत्तर दीजिये।

1. 'प्रिय प्रवास' के रचनाकार का नाम लिखिए ?
2. 'साकेत' का प्रकाशन वर्ष लिखिए ?
3. 'इन्द्र का गर्व हरण' के रचनाकार कौन है?
4. मैथिलीशरण गुप्त की दो रचनाओं के नाम लिखिए?
5. 'मृदु सुरभि–सी समीर में ' 'जागो फिर एक बार' कविता की उक्त पंक्ति में कौनसा अलंकार है?
6. छायावादी चतुष्टय (चार कवियों) में किस कवियों की गणना की जाती है?
7. 'नौका विहार' कविता में कहाँ के राजभवन का उल्लेख हुआ है?
8. 'कामायनी' में जयशंकर प्रसाद ने श्रध्दा को किसका प्रतीक कहा है?
9. राष्ट्र कवि की उपाधि से किसे सम्मानित किया गया है?
10. छायावाद का प्रवर्तक कवि किसे कहा जाता है?
11. प्रकृति का सुकुमार कवी किसे कहा जाता है?
12. निराला का जन्म कहाँ हुआ था?

खण्ड ब [10 अंक]

खण्ड – ब में दिये गये 6 प्रश्नों में से 2 प्रश्नों के उत्तर (50 शब्दों मे) *पृथक इकाई से दीजिये। प्रत्येक प्रश्न 5 अंकों का हैं।*

II. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिये।

इकाई – I

13. 'साकेत' में उर्मिला के विरह को किस रूप में प्रकट किया गया है,समझाइए?

14. 'प्रिय प्रवास' की मूल संवेदना को स्पष्ट कीजिए?

इकाई – II

15. सप्रसंग व्याख्या कीजिए

'आँखे अलियों–सी
किस मधु की गलियों में फँसी
बंद कर पाँखें

SOPHIA COLLEGE, AJMER

पी रही है मधु मौन
अथवा सोई कमल–कोरकों में?
बन्द हो रहा गुंजार
जागो फिर एक बार'

16. इस धारा–सा ही जग का क्रम,
शाश्वत, इस जीवन का उद्‌गम,
शाश्वत है गति! शाश्वत संगम
शाश्वत नभ का नीला विकास,
शाश्वत शशि का यह रजत हास,
शाश्वत लघु लहरों का विलास
हे जग जीवन के कर्णधार,
चिर जन्म मरण के आर–पार,
शाश्वत जीवन नौका विहार
मैं भूल गया अस्तित्व ज्ञान,
जीवन का यह शाश्वत प्रमाण,
करता मुझको अमरत्व दान

इकाई – III

17. अयोध्या सिंह उपाध्याय की राष्ट्रीय चेतना को सोदाहरण समझाइए?

18. जयशंकर प्रसाद के काव्य में समरसता को स्पष्ट कीजिए?

खण्ड स [14 अंक]

खण्ड – स में दिये गये 6 प्रश्नों में से 1 प्रश्न का उत्तर (400 शब्दों मे) दीजिये। प्रत्येक प्रश्न 14 अंकों का हैं।

III. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिये।

19. 'प्रियप्रवास' महाकाव्य में अयोध्या सिहं उपाध्याय ने राधा को किस नवीन रूप में प्रस्तुत किया गया है, समझाइए?
20. 'सखी वे मुझसे कहकर जाते' में किस तरह की मार्मिक अभिव्यक्ति हुई है, समझाइए?
21. 'नौका विहार' कविता का मूल स्वर लिखिए?
22. श्रध्दा के सौन्दर्य की प्रमुख विशेषताएँ लिखिए?
23. छायावादी कविता की प्रमुख विशेषताएँ सोदाहरण समझाइए?
24. 'व्दिवेदी युगीन काव्य इतिवृत्तात्मक काव्य है' स्पष्ट कीजिए?

––समाप्त––

SOPHIA COLLEGE, AJMER

Sophia Girls' College *(Autonomous)*
Ajmer
Semester I – 2021-22
End Semester Examination
Class : B.A. Pass Course
Sub : हिन्दी साहित्य
Paper II : [HIN-502] : कथा साहित्य – कहानी

समय : 1 ½ Hrs. **M.M: 40 अंक**

खण्ड अ [16 अंक]

खण्ड–अ में दिये गये 12 प्रश्नों में से 8 प्रश्नों के उत्तर (20शब्दों में) दीजिये। सभी प्रश्न 2 अंक के हैं।

I. निम्नलिखित सभी प्रश्नों के उत्तर दीजिये।

1. उसने कहा था कहानी किस पत्रिका में प्रकाशित हुई थी? लिखिए ।
2. पुरस्कार कहानी का मुख्य उद्देश्य बताइये।
3. पूस की रात कहानी के पात्रों के नाम लिखिए ।
4. ताई कहानी के शीर्षक का औचित्य बताइये।
5. नशा कहानी के शीर्षक की सार्थकता स्पष्ट कीजिये।
6. एक गौ कहानी के उद्देश्य को बताइये।
7. मेरा घर कहाँ कहानी के पात्रों का नामोल्लेख कीजिये।
8. कहानीकार कमलेश्वर की पाठ्यक्रम में सम्मिलित कहानी का नाम बताइये।
9. प्रेमचंद की दो कहानियों का नामोल्लेख कीजिए ।
10. दो महिला कहानीकारों के नाम लिखिए ।
11. सचेतन कहानी के प्रवर्तक का नाम बताइये।
12. समान्तर कहानी के प्रवर्तक का नामोल्लेख कीजिये।

खण्ड ब [10 अंक]

खण्ड – ब में दिये गये 6 प्रश्नों में से 2 प्रश्नों के उत्तर (50 शब्दों मे) *पृथक इकाई से दीजिये। प्रत्येक प्रश्न 5 अंकों का हैं।*

ष्ष **निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिये।**

इकाई – I

13. निम्नलिखित गद्यावतरण की सप्रसंग व्याख्या कीजिये।

मृत्यु के कुछ समय पहले स्मृति बहुत साफ हो जाती है।
जन्म भर की घटनाएँ एक एक करके सामने आती हैं।
सारे दृश्यों के रंग साफ होते हैं।

SOPHIA COLLEGE, AJMER

समय की धुन्ध बिल्कुल उन पर से हट जाती है।

14. निम्नलिखित गद्यावतरण की सप्रसंग व्याख्या कीजिये।

राजकीय रक्षण की अधिकारिणी तो प्रजा है, मंत्रिवर ! महाराज को भूमि समर्पण करने में तो मेरा कोई विरोध न था और न है, किन्तु मृत्यु स्वीकार करना असंभव है।

इकाई – II

15. निम्नलिखित गद्यावतरण की सप्रसंग व्याख्या कीजिये।

उसका बड़ा लड़का जवाहर सिंह बड़ा तगड़ा जवान था।
उन्नीस वर्ष की उम्र थी, मसें भीगी थी, पर इस उम्र में वह अपने से ड्योढ़ें को वह कुछ नहीं समझता था सुन्दरिया गाय को मौसी कहा करता था। उसे मानता भी उतना ही था। हीरासिंह के मन में दुर्दिन देखकर कभी गाय को बेचने की बात उठती थी, तो जवाहर सिंह के डर से रह जाता था। ऐसा हुआ तो जवाहर ड्ण्डा उठाकर रार मोल लेकर, उसको फिर वहाँ से खोलकर नहीं ले आयेगा, इसका भरोसा हीरासिंह को नहीं था।

16. निम्नलिखित गद्यावतरण की सप्रसंग व्याख्या कीजिये।

और तभी चन्दर को लगा कि एक अरसा हो गया, एक जमाना गुजर गया, वह खुद अपने से नहीं मिल पाया। अपने से बातें करने का वक्त ही नहीं मिला। यह भी नहीं पूछा कि आखिर उसका अपना हाल चाल क्या है और उसे क्या चाहिए। हल्की सी मुस्कराहट उसके होंठों पर आायी और उसने आगे हर शुक्रवार के आगे नोट किया – खुद से मिलना है, शाम सात से नौ बजे तक ... और आज शुक्रवार ही है।

इकाई – III

17. सचेतन कहानी पर सारगर्भित टिप्पणी लिखिए ।

18. अकहानी आंदोलन पर संक्षिप्त टिप्पणी लिखिए ।

खण्ड स [14 अंक]

खण्ड – स में दिये गये 6 प्रश्नों में से 1 प्रश्न का उत्तर (400 शब्दों मे) दीजिये। प्रत्येक प्रश्न 14 अंकों का हैं।

III. **निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिये।**

19. पुरस्कार कहानी की मूल संवेदना को विश्लेषित कीजिए ।

20. कहानी के तत्वों के आधार पर 'पूस की रात' कहानी की युक्तियुक्त समीक्षा कीजिए ।

21. कहानी के तत्वों के आधार पर एक गौ कहानी की समीक्षा कीजिए ।

22. खोई हुए दिशाएँ कहानी की मूल संवेदना व्यक्त करके संक्षेप में इसका कथासार लिखिए ।

23. हिन्दी कहानी के स्वरुप और विकास पर प्रकाश डालिये।

24. नई कहानी के प्रमुख कहानीकारों पर युक्ति संगत प्रकाश डालिए ।

–समाप्त–

SOPHIA COLLEGE, AJMER

Sophia Girls' College *(Autonomous)*
Ajmer
Semester V– 2022-23
End Semester Examination (January 2023)
Class : B.A. Pass Course
Sub : हिन्दी साहित्य
Paper I : [HIN-501] : आधुनिक काव्य – I

समय : 2 ½ Hrs. **M.M: 70 अंक**

खण्ड अ [10 अंक]

खण्ड – अ में दिये गये सभी 10 प्रश्नों के उत्तर (20 शब्दों में) में दीजिये। सभी प्रश्न 1 अंक के हैं।

I. निम्नलिखित सभी प्रश्नों के उत्तर दीजिये।

1. हरि औध का पूरा नाम लिखिए व इनकी महाकाव्यात्मक रचना का नाम लिखिए।
2. साकेत का प्रकाशन वर्ष लिखिए।
3. कामायनी का काव्यात्मक रूप कौन सा है व इसके लेखक का नाम लिखिए।
4. 'जागों फिर एक बार' किस कवि की रचना हैं?
5. 'प्रकृति का सुकुमार' कवि किसे कहा जाता हैं?
6. प्रियप्रवास में 'प्रिय' शब्द किसके लिए प्रयुक्त हुआ हैं?
7. पाठ्यक्रम में 'प्रियप्रवास' का कौन सा अंश संकलित है?
8. छायावाद का प्रवर्तक किसे माना जाता है?
9. श्रद्धा किसका प्रतीक है?
10. कवि जयशंकर प्रसाद आधुनिक काल के किस युग के कवि है ?

खण्ड ब [15 अंक]

खण्ड ब – *प्रत्येक इकाई में से एक प्रश्न का चयन करते हुये किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर* (50 शब्दों मे) *दीजिय। प्रत्येक प्रश्न 5 अंकों का हैं।*

II. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिये।

इकाई–I

11. सप्रसंग व्याख्या कीजिए।
घहरता गिरि – सानु समीप था।
बरसता छितिछू नव वारिया।
धन कभी रवि – अंतिम – अंशु ले।
गगन में रचता बहुचित्र था।

अथवा

पिऊँ ला खाऊँला, सरिव पहनूँ ला, सब करूँ;
जिऊँ मैं जैसे हो यह अवधि का अर्णव तरूँ।

SOPHIA COLLEGE, AJMER

कहे जो, मानूँ सो, किस विध बता धीरज धरूँ?
अरी, कैसे भी तो पकड़ प्रिय के वे पद मरूँ।

इकाई–II

12. सप्रसंग व्याख्या कीजिए।

हृदय की अनुकृति बाह्य उदार
एक लंबी काया, उन्मुक्त;
मधु पवन क्रीडित ज्यों शिशु साल
सुशोभित हो सौरभ संयुक्त।

अथवा

अस्ताचल ढले रवि
शशि छवि विभावरी में
चित्रित हुई है देख
यामिनी गंधा जगी।
एकटक चकोर कोर दर्शन प्रिय
आशाओं भरी मौन भाषा बहु भावमयी
घेर रहा चन्द्र – को चाव से
शिशिर–भार– व्याकुल कुल
खुले फूल झुके हुए
आया कलियों में मधुर
मद – उर – यौवन – उभार
जागो फिर एक बार।

इकाई–III

13. 'इन्द्र का गर्वहरण' कविता का सार लिखिए।

अथवा

पंत की प्रकृति विषयक कविताओं की विवेचना कीजिए।

खण्ड स [45 अंक]

खण्ड स – प्रत्येक इकाई में से एक प्रश्न का चयन करते हुये छह प्रश्नों में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर (400 शब्दों मे) दीजिये। प्रत्येक प्रश्न 15 अंकों का हैं।

III. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिये।

इकाई–I

अयोध्या सिंह उपाध्याय के कृतित्व का परिचय देते हुए प्रिय प्रवास की विशेषताओं को रेखांकित कीजिए।

अथवा

साकेत के नवम सर्ग के आधार पर उर्मिला की चारित्रिक विशेषताओं को उद्धाटित कीजिए।

इकाई–II

15. श्रद्धा सर्ग की मूल कथा स्पष्ट कीजिए।

SOPHIA COLLEGE, AJMER

अथवा

निराला के व्यक्तित्व एवं कृतित्व का संक्षिप्त परिचय दीजिए।

इकाई–III

16. छायावादी कविताओं की विशेषताएँ लिखिए।

अथवा

जयशंकर प्रसाद का कवि रूप में मूल्यांकन कीजिए।

––समाप्त––

SOPHIA COLLEGE, AJMER

SOPHIA COLLEGE, AJMER

Sophia Girls' College *(Autonomous)*
Ajmer
Semester V – 2022-23
End Semester Examination (January 2023)
Class : B.A. Pass Course
Sub : हिन्दी साहित्य
Paper II : [HIN-502 (A)] : कथा साहित्य

समय : 2 ½ Hrs. **M.M: 70 अंक**

खण्ड अ [10 अंक]

खण्ड – अ में दिये गये सभी 10 प्रश्नों के उत्तर (20 शब्दों में) में दीजिये। सभी प्रश्न 1 अंक के हैं।

I. निम्नलिखित सभी प्रश्नों के उत्तर दीजिये।

1. 'उसने कहा था' कहानी के लेखक का नाम लिखिए।
2. 'पुरस्कार' कहानी का प्रकाशन वर्ष लिखिए।
3. प्रेमचन्द रचित किन्ही दो कहानियों के नाम लिखिए।
4. विश्वम्भरनाथ कौशिक की पाठयक्रम में संकलित कहानी का नाम लिखिए।
5. 'नशा–कहानी के प्रमुख पात्रों के नाम लिखिए।
6. 'एक गौ' कहानी के लेखक का नाम लिखिए।
7. 'मेरा घर कहाँ' कहानी के लेखक का नाम लिखिए।
8. कमलेश्वर ने किस पत्रिका का संपादन किया था?
9. प्रेमचन्द परंपरा के किन्ही दो कहानीकारों के नाम लिखिए।
10. कहानी के तत्त्वो को लिखिए।

खण्ड ब [15 अंक]

खण्ड ब – *प्रत्येक इकाई में से एक प्रश्न का चयन करते हुये किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर* **(50 शब्दों मे)** *दीजिय। प्रत्येक प्रश्न 5 अंकों का हैं।*

II. निम्नलिखित गद्यांश की सप्रसंग व्याख्या करो।

इकाई–I

11. 'देश – देश की चाल है। आज तक मैं उसे समझा न सका कि सिख तम्बाकू नहीं पीते। वह सिगरेट देने में हठ करती है; होठों में लगना चाहती है, और मैं पीछे हटता हूँ तो समझती है कि राजा बुरा मान गया, अब मेरे मुल्क के लिए लड़ेगा नहीं।

अथवा

तुम समझती तो हो नहीं, अपनी ही ओटे जाती हो। मैं यह नहीं कहता कि ज्योतिष शास्त्र झूठा हैं। उन्हें ज्योतिष का पूर्ण ज्ञान तो होता नही, दो – एक छोटी – मोटी पुस्तकें पढ़कर ज्योतिष बन बैठते हैं और लोगों को ठगते फिरते हैं। ऐसी दशा में उन पर कैसे विश्वास किया जा सकता है?''

इकाई–II

12. 'एक गौ' कहानी के शीर्षक की सार्थकता बताइए।

SOPHIA COLLEGE, AJMER

अथवा

निम्नलिखित गद्यांश की सप्रसंग व्याख्या कीजिए।

..... और तभी चंदर को लगा कि एक अरसा हो गया; एक जमाना गुज़र गया, वह खुद अपने से नहीं मिलपाया। अपने से बातें करने का वक्त ही नहीं मिला। यह भी नहीं पूछा कि आखिर तेरा हाल चाल क्या है और तुझे क्या चाहिए। हलकी – सी मुस्कराहट उसके होठों पर आई और उसने हर शुक्रवार के आगे नोट किया – ''खुद से मिलना है।

इकाई–III

13. हिन्दी कहानी में प्रेमचन्द के योगदान को रेखांकित कीजिए।

अथवा

जैनेन्द्र कुमार के कृतित्व का परिचय दीजिए।

खण्ड स [45 अंक]

खण्ड स – प्रत्येक इकाई में से एक प्रश्न का चयन करते हुये छह प्रश्नों में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर (400 शब्दों मे) दीजिये। प्रत्येक प्रश्न 15 अंकों का हैं।

III. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिये।

इकाई–I

14. 'उसने कहा था' कहानी के मूल कथ्य को स्पष्ट कीजिए।

अथवा

'ताई' कहानी में पात्रों का विवेचन कीजिए।

इकाई–II

15. कहानी के तत्त्वों के आधार पर 'नशा' कहानी की समीक्षा कीजिए।

अथवा

खोई हुई दिशाएँ कहानी की भाषागत विशेषताओं पर प्रकाश डालिए।

इकाई–III

16. स्वतन्त्रता पूर्व हिन्दी कहानी की परंपरा पर लेख लिखिए।

अथवा

नई कहानी की शिल्पगत विशेषताओं को विवेचित कीजिए।

--समाप्त--

SOPHIA COLLEGE, AJMER

Sophia Girls' College *(Autonomous)*
Ajmer
Semester – V - 2023-24
End Semester Examination (Nov. 2023)
Class : B.A. Pass Course
Sub : हिन्दी साहित्य
Paper I : [HIN-501] : आधुनिक काव्य - I

समय : 2 ½ घंटे **M.M: 70 अंक**

खण्ड अ [10 अंक]

खण्ड – अ में दिये गये सभी 10 प्रश्नों के उत्तर (20 शब्दों में) में दीजिये। सभी प्रश्न 1 अंक के हैं।

I. निम्नलिखित सभी प्रश्नों के उत्तर दीजिये।

1. हिन्दी खड़ी बोली का पहला महाकवि किसे कहा जाता है? नाम लिखिए।
2. मैथिलीशरण गुप्त की पाठ्यक्रम में संकलित रचनाओं के नाम लिखिए।
3. कामायनी में कुल कितने सर्ग है? पाठ्यक्रम में कौन–सा सर्ग संकलित है?
4. 'निराला' उपनाम किस कवि का है?
5. छायावाद के प्रमुख रचनाकारों के नाम लिखिए।
6. 'नौका–विहार' कविता के रचनाकार का नाम लिखिए।
7. 'हृदय की अनुकृति बाह्य उदार' यह पंक्ति किसके लिए प्रयुक्त हुई है?
8. सखि, वे मुझसे कहकर जाते यह कविता किस संकलन में संकलित है तथा इसमें किसका वर्णन हुआ है?
9. द्विवेदीयुगीन कविता की किसी एक विशेषता का उल्लेख करें।
10. छायावाद नाम का अन्य नाम लिखिए।

खण्ड ब [15 अंक]

खण्ड ब – *प्रत्येक इकाई में से एक प्रश्न का चयन करते हुये किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर* (50 शब्दों मे) *दीजिय। प्रत्येक प्रश्न 5 अंकों का हैं।*

II. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिये।

इकाई–I

11. सप्रसंग व्याख्या कीजिए।

सुफल जो मिलता इस काल है
समझना न उसे लघु चाहिए
बहुत है, पड़ संकट स्त्रोत में
साहस में जन जो शत भी बचें

अथवा

हुआ न यह भी भाग्य अभागा
किस पर विफल गर्व अब जागा?

SOPHIA COLLEGE, AJMER

जिसने अपनाया था, त्यागा;
रहे स्मरण ही आते
सखि, वे मुझसे कहकर जाते।

इकाई–II

12. सप्रसंग व्याख्या कीजिए।

चाँदनी रात का प्रथम प्रहर
हम चले नाव लेकर सत्वर
सिकता की सस्मित सीपी पर
मोती की ज्योत्स्ना रही विचर
लो, पालें चढ़ी, उठा लंगर
मृदु मन्द–मन्द, मन्थर–मन्थर
लघु तरणि हंसिनी–सी सुंदर
तिर रही, खोल पालों के पर।

अथवा

घिरे रहे थे घुंघराले बाल अंस अवलंबित मुख के पास,
नील घन–शावक से सुकुमार सुधा भरने को विधु के पास।
और उस मुख पर वह मुसक्यान। रक्त किसलय पर ले विश्राम,
अरूण की एक किरण अम्लान अधिक अलसाई हो अभिराम।

इकाई–III

13. भारतेन्दुयुगीन कविताओं की विशेषताएं लिखिए।

अथवा

मैथिलीशरण गुप्त की राष्ट्रीयता की भावना का वर्णन कीजिए।

खण्ड स [45 अंक]

खण्ड स – प्रत्येक इकाई में से एक प्रश्न का चयन करते हुये छह प्रश्नों में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर (400 शब्दों मे) दीजिये। प्रत्येक प्रश्न 15 अंकों का हैं।

III. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिये।

इकाई–I

14. साकेत के नवम् सर्ग का भाव सौन्दर्य स्पष्ट कीजिए।

अथवा

'इन्द्र का गर्वहरण' कविता के काव्य सौन्दर्य पर प्रकाश डालिए।

इकाई–II

15. श्रद्धा के शारीरिक सौन्दर्य पर प्रकाश डालिए। पठित सर्ग के आधार पर।

अथवा

'जागो फिर एक बार' कविता का मूल कथ्य लिखिए।

इकाई–III

SOPHIA COLLEGE, AJMER

16. सुमित्रानंदन पंत की काव्यगत विशेषताओं का विवेचन कीजिए।

अथवा

द्विवेदी युगीन कविताओं की विशेषताएं लिखिए।

-- समाप्त--

SOPHIA COLLEGE, AJMER

Sophia Girls' College *(Autonomous)*
Ajmer
Semester – V - 2023-24
End Semester Examination (Nov. 2023)
Class : B.A. Pass Course
Sub : हिन्दी साहित्य
Paper II : [HIN-502] : कथा साहित्या (कहानी)

समय : 2 ½ घंटे **M.M: 70 अंक**

खण्ड अ [10 अंक]

खण्ड – अ में दिये गये सभी 10 प्रश्नों के उत्तर (20 शब्दों में) में दीजिये। सभी प्रश्न 1 अंक के हैं।

I. निम्नलिखित सभी प्रश्नों के उत्तर दीजिये।

17. कहानी का अर्थ एवं परिभाषा लिखिए।
18. हिन्दी कहानी का विकास कब हुआ।
19. 'उसने कहा था' कहानी का प्रमुख पात्र कौनसा है?
20. 'पुरस्कार' कहानी के लेखक का नाम लिखिए।
21. 'पूस की रात' की कहानी का प्रमुख विषय कौनसा है?
22. 'ताई' कहानी का उद्देश्य क्या हैं?
23. 'नशा' कहानी का प्रतिपाद्य स्पष्ट कीजिए।
24. जैनेन्द्र कुमार किस प्रकार के कहानीकार है?
25. किन्हीं चार स्त्री कहानीकारों के नाम लिखिए।
26. नई कहानी का जनक किसे माना जाता है?

खण्ड ब [15 अंक]

खण्ड ब – *प्रत्येक इकाई में से एक प्रश्न का चयन करते हुये किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर* (50 शब्दों मे) *दीजिय। प्रत्येक प्रश्न 5 अंकों का हैं।*

II. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिये।

इकाई–I

27. सप्रसंग व्याख्या कीजिए।

हल्कू ने रूपये लिये और इस तरह बाहर चला, मानों अपना हृदय निकालकर देने जा रहा हो। उसने मजूरी से एक–एक पैसा काट काटकर तीन रूपये कम्बल के लिए जमा किये थे। वह आज निकले जा रहे थे। एक–एक पग के साथ उसका मस्तक अपनी दीनता के भार से दबा जा रहा था।

अथवा

तुम्हें याद है, एक दिन ताँगेवाले का घोड़ा दही वाले की दूकान के पास बिगड़ गया था तुमने उस दिन मेरे प्राण बचाये थे। आप घोड़े की लातों में चले गये थे। और मुझे उठाकर दुकान की तख्त पर

SOPHIA COLLEGE, AJMER

खड़ा कर दिया था। ऐसे ही इन दिनों बचाना। यह मेरी–भिक्षा है। तुम्हारे साामने मैं आँचल पसारती हूँ।

इकाई–II

28. 'खोई हुई दिशाएँ' कहानी के माध्यम से महानगरीय जीवन की त्रासदी को व्यक्त कीजिए।

अथवा

सोना जमीन पर थूक देती है? जैसे कह रही हो कि इस दुनिया के हर कोने पर मर्द खड़ा मिलेगा, कभी प्रेमी के रूप में तो कभी बलात्कारी के रूप में। मगर जो पति ढूँढने निकलो तो एक भी कायदे का आदमी नजर नही आएगा, जिसके साथ उम्र एक छत के नीचे गुजार दी जाए। मै तो यूँ ही भली। न कोई मेरा ठौर ठिकाना न मैं किसी घर की मालकिन। दुनियाँ की आबादी हूँ और हालात की शहजादी हूँ।

इकाई–III

29. हिन्दी कहानी में नई कहानी का वर्ण्य विषय क्या है?

अथवा

कहानी परम्परा को ऊँचाई तक ले जाने वाले कथाकार कौन हैं? सविस्तार समझाइए।

खण्ड स [45 अंक]

खण्ड स – प्रत्येक इकाई में से एक प्रश्न का चयन करते हुये छह प्रश्नों में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर (400 शब्दों मे) दीजिये। प्रत्येक प्रश्न 15 अंकों का हैं।

III. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिये।

इकाई–I

30. कहानी के प्रमुख तत्वों का वर्णन कीजिए?

अथवा

कहानी के उद्‌भव एवं विकास को विस्तार से समझाइए।

इकाई–II

15. 'पुरस्कार' कहानी का कथानक बताते हुए कहानी के उद्देश्य को स्पष्ट कीजिए।

अथवा

'पूस की रात' कहानी की मूल संवेदना को प्रस्तुत कीजिए।

इकाई–III

31. 'नशा' कहानी का कथानक बताते हुए शीर्षक को स्पष्ट कीजिए।

अथवा

नासिरा शर्मा किस प्रकार की कहानीकार है, 'मेरा, घर कहाँ' कहानी की शिल्पगत विशेषताएँ बताइए।

--समाप्त--

SOPHIA COLLEGE, AJMER